दिन– सोमवार दिनांक– 09 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जर्मनी समेत कई देशों की यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर दिल्ली पहुंचा।

02. राज्य सरकार ने केंद्र से नदियों से गाद हटाने की नीति बनाने की मांग की। अंतरराज्यीय परिषद सचिवालय को इस संबंध में भेजा प्रस्ताव।

03. नगर विकास और आवास मंत्री जीवेश कुमार ने कहा – राज्य के एक लाख पैंसठ हजार आवास लाभार्थियों के खाते में जल्द ही जिओ टैगिंग के साथ राशि भेजी जायेगी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान जताया।

————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जर्मनी की अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद दिल्ली पहुंच गया है। यात्रा से लौटने के बाद श्री रविशंकर ने कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर यूरोप भारत के साथ खड़ा है।

———बाइट———

हर जगह संसद के वरिष्ठ लोग, मंत्रीगण, थींक टैंक, मीडिया और भारतीय कम्युनिटी से बातचीत हुई। भारत के प्रति पहलगाम के बर्बर आतंकवाद के खिलाफ बहुत गुस्सा है और सबोने कन्डेम किया है।

यह अभियान बाईस अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले की प्रतिक्रिया के रूप में शुरू किया गया था। अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक पहुंच बनाने और आतंकवाद के साथ पाकिस्तान के सम्बंधों पर जोर देने के लिए तैंतीस देशों की राजधानियों का दौरा करने का काम सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों को सौंपा गया था।

————————————————————

राज्य सरकार ने केंद्र से नदियों के गाद हटाने की नीति– नेशनल डिसिल्टिंग पॉलिसी  बनाने की मांग की है। गृह विभाग ने अंतरराज्यीय परिषद सचिवालय को इस

संबंध में प्रस्ताव भेजा है। पूर्वी क्षेत्र की अंतरराज्यीय परिषद की आगामी बैठक में केंद्र सरकार इस दिशा में पहल की जानकारी दे सकती है। राज्य सरकार ने डिसिल्टिंग पॉलिसी के तहत नदियों से गाद हटाने के लिए रेगुलेटरी फ्रेमवर्क बनाने का आग्रह किया है।

———————————————————————

राज्य के एक लाख पैंसठ हजार आवास लाभार्थियों के खाते में जल्द ही जिओ टैंगिंग के साथ डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जायेगी। नगर विकास और आवास मंत्री जीवेश कुमार ने मधुबनी में एक सभा को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी निर्धनों और जरूरतमंद लोगों को आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य हो रहा है। श्री कुमार ने बुडको को सभी लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए।

———————————————————————

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज हम पूर्वोत्तर भारत की विकास यात्रा के बारे में बता रहे हैं – एक ऐसा क्षेत्र जिसे कभी दूर–दराज के इलाके के रूप में देखा जाता था, अब यह सम्पर्क और प्रगति के प्रतीक के रूप में विकसित हो रहा है। एक रिपोर्ट–––

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि वे बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए राजनीति में हैं। भोजपुर जिले के आरा में पार्टी की रैली को संबोधित करते हुए श्री पासवान ने कहा बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के उद्देश्य के साथ वे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के संयुक्त प्रयास से बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के संकल्प के साथ युवाओं का पलायन रोकने का संकल्प और विकास का काम हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार के पिछड़ापन के लिए राजद और कांग्रेस दोनों जिम्मेदार है। आगामी विधान सभा चुनाव पर उन्होंने कहा कि वे एनडीए गठबंधन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे।

———————————————————————————

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन राव भागवत कल दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना आ रहे हैं। श्री भागवत इस दौरान पटना में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां से मुलाकात करेंगे। उनका पटना में कार्यकर्ताओं से मिलने का भी कार्यक्रम है।

———————————————————————————

विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए महागठबंधन की बैठक बारह जून को पटना में आयोजित होगी। बिहार में महागठबंधन के औपचारिक गठन के बाद यह चौथी बैठक है। इस बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर साझा रणनीति बनाए जाने की संभावना है। बैठक में गठबंधन के घटक दल कांग्रेस, भाकपा माले, सीपीआई, सीपीएम और वीआईपी के नेता शामिल होंगे।

———————————————————————————

नियोजित शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक बनाने के लिए शेष तीन सक्षमता परीक्षाएं पंद्रह अगस्त तक आयोजित कर लिये जायेंगे। शिक्षा विभाग के अनुसार तीसरी सक्षमता परीक्षा की तिथि जल्द घोषित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए अब तक बत्तीस हजार ग्यारह शिक्षकों ने आवेदन किया है। गौरतलब है कि अबतक संपन्न दो सक्षमता परीक्षाओं में दो लाख सत्ताईस हजार नियोजित शिक्षक सफल होकर विशिष्ट शिक्षक बन चुके हैं।

———————————————————————————

राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित पंचानवे लाख बच्चों को पोशाक दी जाएगी। इसके लिए जीविका दीदियां पोशाक तैयार कर रही हैं। जीविका के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि छह महीने में इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। नवम्बर महीने में बच्चों को यूनिफॉर्म उपलब्ध करा दी जाएगी।

———————————————————————————

राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना जिले में आठ मरीजों में कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है। सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार ने बताया कि अभी तक साठ कोरोना संक्रमित मिले हैं, जिनमें से बीस पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कोविड

संक्रमितों को घबराने की जरूरत नहीं है। चिकित्सक की सलाह से उपचार लेकर संक्रमित घर पर ही स्वस्थ्य हो सकते हैं।

———————————————————————

राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों का मौसम शुष्क बना हुआ है। कई स्थानों पर गर्मी और उमस की स्थिति है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके बाद तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास के डेहरी और गोपालगंज में सबसे अधिक चालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पटना समेत दस जिलों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आस—पास रहा।

———————————————————————

जीविका की ओर से स्थापित बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संध में छह सौ पैंतीस पदों पर बहाली होगी। इनमें राज्य स्तर पर तैंतालीस, जिला स्तर पर छिहत्तर और प्रत्येक प्रखंड में एक—एक कर्मी की बहाली की जायेगी। सभी कर्मियों का मानदेय का भुगतान राज्य सरकार की ओर से प्राप्त अनुदान और संघ की आय से किया जायेगा।

———————————————————————

बिहार पुलिस में सिपाही बहाली के सत्रह लाख आवेदनों में से तैंतीस हजार बयालीस आवेदन रद्द कर दिये गए हैं। परिषद के अनुसार रद्द आवेदनों में बीस हजार अभ्यर्थियों ने गलत जानकारी भरी हैं और दस हजार आवदेन ऑनलाइन जमा नहीं किये गये हैं। जिसके कारण उन्हें रद्द किया गया है। इस बहाली में उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस सिपाहियों की नियुक्ति की जानी है।

———————————————————————

रेलवे ने प्रत्येक सोमवार को माता वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन के लिए आज से गुवाहाटी से विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन बिहार में हाजीपुर, बरौनी और कटिहार होते हुए आगे जाएगी। ट्रेन चौदह जुलाई तक चलेगी। वापसी में यह ट्रेन

प्रत्येक शुक्रवार को कटरा से चलीगी। इधर, आज से भागलपुर, किउल, नवादा, गया, डीडीयू  और प्रयागराज के रास्ते मालदा टाउन आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। वहीं, पटना से साबरमती के लिए विशेष ट्रेन ग्यारह जून को पटना जंक्शन से साबरमती के लिए चलेगी।

———————————————————————

अररिया जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों की तीन टीम प्रत्येक दिन लगभग एक दर्जन गांव का दौरा कर रही है। इस अभियान के तहत अब तक जिले के बारह हजार से अधिक अन्नदाता लाभान्वित हुए हैं।

———————————————————————

पटना जिले के मिलर हाई स्कूल में कल नियोजन मेला आयोजित किया जाएगा। श्रम संसाधन विभाग के अनुसार इस मेले में पैंतालीस कंपनियां भाग लेंगी, जो युवाओं का चयन करेंगी।

———————————————————————

मधुबनी जिले के लदनियां थाना क्षेत्र से साढ़े चौदह किलोग्राम गांजा के साथ पुलिस ने एक तस्कर अजय कुमार यादव को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना जिले के धनुकी मोड़ के पास घूस लेने के आरोप में पुलिस ने यातायात पुलिस के एक एएसआई समेत दो सिपाहियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, सीवान जिले में शराब कारोबारियों से मिली भगत के आरोप में नौतन थानाध्यक्ष उमेश कुमार और एएलटीएफ प्रभारी मनोज कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————

बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने राज्य के तीन ईनामी सहित सात कुख्यात अपराधियों को अलग–अलग जिलों से गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्राथमिकी दर्ज है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के सदर प्रखंड के मय पंचायत में खिलाड़ियों को खेल मैदान की सौगात मिली है। भाजपा विधायक प्रणव कुमार और मुखिया सोनी देवी ने संयुक्त रूप से इस मैदान को आम लोगों को समर्पित किया। यह मैदान मनरेगा योजना के तहत लगभग दस लाख रूपये की लागत से बनाया गया है।

———————————————————————

खगड़िया जिले के मानसी स्थित रेलवे मैदान में शहीद प्रभु नारायण धन्ना माधव मेमोरियल ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में खगड़िया की टीम ने सिलीगुड़ी को तीन–शून्य से हराकर जीत हासिल की। इससे पहले, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है – चिराग की लौ तेज हुई, सभी सीटों पर फैलेगी। एक अन्य खबर में अखबार ने राजधानी पटना के उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान के दो कलाकारों के हुनर को प्रमुखता दी है। रंगों में बोल रही मूक–बधिर माही और मनीषा की खामोशी।

**हिन्दुस्तान** की बड़ी खबर है – राज्य में नदियां सुखने से पशुपालन बना चुनौती। नदियों का जलस्तर लगातार घटने से दैनिक जीवन होता जा रहा है कठिन।

**दैनिक जागरण** लिखता है – पटना के धनरूआ में भूमि विवाद सुलझाने में दारोगा सहित तीन को मार दी गोली, एक गंभीर।

**प्रभात खबर** ने नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है – हमने ग्यारह सालों में महिला नेतृत्व वाले विकास को पुनः परिभाषित किया।

**आज अखबार** की सुर्खी है – पुराने वेतनमान वाले शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों का होगा तबादला। ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर देने होंगे आवेदन।

**राष्ट्रीय सहारा** ने मुख्यमंत्री के गांधी सेतु के समानांतर बन रहे पुल के निरीक्षण पर लिखा है – गांधी सेतु के पैरेलल बन रहे ब्रिज के निर्माण में लाएं तेजी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

1. भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जर्मनी समेत कई देशों की यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर दिल्ली पहुंचा।

2. राज्य सरकार ने केंद्र से नदियों से गाद हटाने की नीति बनाने की मांग की। अंतरराज्यीय परिषद सचिवालय को इस संबंध में भेजा प्रस्ताव।

3. नगर विकास और आवास मंत्री जीवेश कुमार ने कहा – राज्य के एक लाख पैंसठ हजार आवास लाभार्थियों के खाते में जल्द ही जिओ टैगिंग के साथ राशि भेजी जायेगी।

4. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान जताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।